# चैलेंजर्स के चैलेंज के आगे पस्त हुई दिल्ली

## विराट कोहली आईपीएल में 9000 रन पूरे करने वाले पहले बल्लेबाज बने



जोश हेजलवुड ने नई गेंद से कहर बरपाते हुए 12 रन देकर निकाले 4 विकेट



भारतीय तेज गेंदबाज़ भुवनेश्वर ने शानदार गेंदबाज़ी से झपटे 3 विकेट

**नई दिल्ली,27 अप्रैल. इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को 9 विकेट से हराते हुए शानदार जीत दर्ज की. नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मैच में दिल्ली की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए महज 75 रन पर सिमट गई.**

जवाब में बेंगलुरु ने 6.3 ओवर में एक विकेट खोकर 77 रन बनाते हुए मुकाबले को पूरी तरह एकतरफा बना दिया. टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत बेहद निराशाजनक रही. टीम ने पावरप्ले में ही अपने छह विकेट गंवा दिए और सिर्फ 13 रन बना सकी, जो आईपीएल इतिहास में शुरुआती छह ओवरों का सबसे कम स्कोर है. शुरुआती झटकों के बाद टीम संभल नहीं पाई और लगातार अंतराल पर विकेट गिरते रहे. मध्यक्रम में डेविड मिलर और अभिषेक पोरेल ने कुछ हद तक पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन यह प्रयास ज्यादा देर तक टिक नहीं पाया. मिलर 19 रन बनाकर आउट हुए, जबकि अन्य बल्लेबाज भी बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे. अंतत: पूरी टीम 16.3 ओवर में 75 रन पर सिमट गई. दिल्ली की इस खराब बल्लेबाजी के पीछे बेंगलुरु के गेंदबाजों का शानदार प्रदर्शन रहा. जोश हेजलवुड ने नई गेंद से कहर बरपाया और लगातार विकेट निकालकर विपक्ष को दबाव में रखा. वहीं अन्य गेंदबाजों ने भी कसी हुई गेंदबाजी करते हुए रन बनने नहीं दिए.

### स्कोर बोर्ड

| दिल्ली बल्लेबाजी खिलाड़ी | रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|
| साहिल पारख | 0 | 2 | 0 | 0 |
| केएल राहुल | 1 | 3 | 0 | 0 |
| नितीश राणा | 1 | 9 | 0 | 0 |
| समीर रिज़वी | 0 | 1 | 0 | 0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स | 5 | 3 | 1 | 0 |
| अक्षर पटेल | 0 | 3 | 0 | 0 |
| अभिषेक पोरेल | 30 | 33 | 3 | 0 |
| डेविड मिलर | 19 | 18 | 3 | 0 |
| काइल जैमीसन | 12 | 13 | 1 | 1 |
| कुलदीप यादव | 3 | 11 | 0 | 0 |
| दुश्मंथा चमीरा | | 0 | 3 | 0 |

**अतिरिक्त** 4, **कुल** 16.3 ओवर 75

**गेंदबाजी–** भुवनेश्वर कुमार 3-0-5-3, जोश हेज़लवुड 3.3-0-12-4, रसिख सलाम 2-0-21-1, रोमारियो शेफर्ड 2-0-21-0, सुयश शर्मा 4-1-7-1, क्रुणाल पंड्या 2-0-9-1.

| बेंगलुरु बल्लेबाजी खिलाड़ी | रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|
| जेकब बेथेल | 20 | 11 | 1 | 2 |
| विराट कोहली | 23 | 15 | 1 | 2 |
| देवदत्त पडिक्कल | 34 | 13 | 3 | 3 |

**अतिरिक्त** 0, **कुल** 6.3 ओवर 77/1

**गेंदबाजी–** काइल जैमिसन 3-0-42-1, दुष्मंथा चमीरा 2-0-18-0, अक्षर पटेल 1-0-5-0, टी नटराजन 0.3-0-12-0.

# बांग्लादेश ने न्यूजीलैंड को हराया

**पहले टी20 में छह विकेट से जीत**

**सीरीज में बांग्लादेश की 1-0 बढ़त**




**चटगांव, 27 अप्रैल बांग्लादेश ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए छह विकेट से जीत दर्ज की और तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली. 183 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की टीम ने 18 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और मैच को 12 गेंद शेष रहते अपने नाम कर लिया.**

इस जीत के हीरो रहे मो. तौहीद हृदोय, जिन्होंने नाबाद 51 रन बनाए, और शमीम हुसैन, जिन्होंने 31 रन की तेज पारी खेली. दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए नाबाद 49 रन जोड़कर टीम को जीत तक पहुंचाया. लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत ठीक-ठाक रही. सलामी बल्लेबाज सैफ हसन और तंजिद हसन ने पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़कर टीम को मजबूत आधार दिया. हालांकि छठे ओवर में नेथेन स्मिथ ने सैफ हसन (17) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ दिया. इसके बाद कप्तान लिटन कुमार दास (21) और तंजिद हसन (20) भी बड़ी पारी नहीं खेल सके और ईश सोढ़ी का शिकार बने.


मध्यक्रम में परवेज हुसैन इमॉन ने तेज बल्लेबाजी करते हुए 14 गेंदों में 28 रन बनाए, लेकिन वह भी अपनी पारी को लंबा नहीं खींच सके. इसके बाद टीम थोड़ी दबाव में नजर आई, लेकिन मो. तौहीद हृदोय और शमीम हुसैन ने संयम और आक्रामकता का बेहतरीन संतुलन दिखाते हुए मैच को बांग्लादेश की झोली में डाल दिया. हृदोय ने 27 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाकर नाबाद 51 रन बनाए, जबकि शमीम ने 13 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के जड़ते हुए नाबाद 31 रन बनाए.

इससे पहले न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 182 रन बनाए और बांग्लादेश को जीत के लिए 183 रनों का लक्ष्य दिया. न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और टिम रॉबिंसन बिना खाता खोले रनआउट हो गए.

> डेन क्लीवर ने 27 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 51 रन बनाए, जबकि के. क्लार्क ने 37 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाकर 51 रन की पारी खेली. दोनों बल्लेबाजों ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया, लेकिन 10वें और 12वें ओवर में रिशाद हुसैन ने दोनों को आउट कर न्यूजीलैंड को झटका दिया. कप्तान निक केली ने भी 27 गेंदों में 39 रन का योगदान दिया, जिससे टीम का स्कोर 180 के पार पहुंच सका.

### एक नजर में

## सिंधु ने बीडब्ल्यूएफ में कार्यकाल की शुरुआत की



**हॉर्सेंस (डेनमार्क).** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय स्टार खिलाड़ी पी वी सिंधु ने विश्व बैडमिंटन महासंघ की परिषद के सदस्य के रूप में अपना कार्यकाल शुरू कर दिया है. सिंधु ने बीडब्ल्यूएफ एथलीट्स कमीशन का अध्यक्ष चुने जाने के बाद बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन की काउंसिल में मतदान का अधिकार हासिल कर लिया है. सिंधु आधिकारिक तौर पर 2025 के आखिरी में परिषद में शामिल हुई थी. यहां बीडब्लयूएफ की हुई वार्षिक बैठक में हिस्सा लेने के साथ सिंधु की सबसे बड़ी गवर्निंग बॉडी में उनके कार्यकाल की शुरुआत हुई. इस अवसर पर पी. वी. सिंधु ने कहा, 'बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन में यह ज़िम्मेदारी लेना और दुनिया भर के एथलीटों की आवाज़ को रिप्रेजेंट करना मेरे लिए सच में सम्मान और खुशी की बात है. बैडमिंटन ने मुझे बहुत कुछ दिया है, और मैं इस तरह से खेल में योगदान देने का मौका पाकर बहुत शुक्रगुजार हूं. मैं खास तौर पर बीडब्ल्यूएफ अध्यक्ष खुनयिंग पटामा लीस्वाडत्रकुल की उनके प्यार और हौसला बढ़ाने के लिए शुक्रगुजार हूं. और मैं काउंसिल और बड़ी बीडब्ल्यूएफ कम्युनिटी के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं, क्योंकि हम दुनिया भर में इस शानदार खेल को मजबूत और आगे बढ़ा रहे हैं.'

## भारत जीत सकता है महिला टी-20 खिताब



**डरबन.** भारत की महान खिलाड़ी और आईसीसी हॉल ऑफ फेमर डायना एडुल्जी का मानना है उनकी पूर्व टीम आगामी आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप का खिताब जीत सकती है. डायना ने कहा नवंबर में घरेलू मैदान पर अपना पहला एकदिवसीय विश्व कप जीतने के लिए एशियाई टीम ने सबको पीछे छोड़ दिया था और अब 12 जून को इंग्लैंड और वेल्स में शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप के 10वें एडिशन में सबसे छोटे फॉर्मेट में भी ऐसा ही करने की कोशिश करेगी. भारत ने पहले भी 20-ओवर क्रिकेट में अपनी काबिलियत दिखाई है और इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में हुई टी-20 सीरीज में छह बार की टी-20 विश्व कप चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को भी हराया है. लेकिन डायना एडुल्जी के मुताबिक, सबसे छोटे फॉर्मेट में टीम के लगातार अच्छा प्रदर्शन न करने से चिंतित हैं. एडुल्जी ने ओलंपिक डॉट कॉम को बताया, 'टी20 पूरी तरह से एक अलग खेल है, और टीमों का अच्छा प्रदर्शन हर खिलाड़ी के योगदान पर निर्भर करता है, और मैं चाहती हूं कि बड़े खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करें, और 170-180 का टोटल मुश्किल होगा .लेकिन हम एकदिवसीय प्रारुप में अच्छे हैं, टी- 20 में यह एक अलग गेम है. हमारे पास इस गेम को अपनाने वाले युवा क्रिकेटर हैं. टी-20, मुझे पक्का नहीं पता, मैंने डरबन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में देखा है, जिससे पता चलता है कि हमारी लड़कियों में क्या कमी है.' उन्होंने कहा, 'हमारी लड़कियों के खिलाफ हालात हैं, और उन्हें ढलने में समय नहीं लगेगा. मुझे यकीन है कि आने वाले समय में, हम उन्हें कमियों को पूरा करते हुए देखेंगे.

## जोहान ने क्यूएसटीके 600 चैंपियनशिप जीता



**दोहा.** भारत के जोहान इमैनुएल ने सोमवार को कावासाकी जेडएक्स -6 पर सवार होकर ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कतर सुपरस्टॉक 600 चैंपियनशिप (क्यूएसटीके) का खिताब अपने नाम किया। इसी के साथ वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय राइडर बन गये। चेन्नई के 19 साल के जोहान, चैंपियनशिप लीडर हंगरी के मार्टन बेलेली से नौ पॉइंट पीछे थे और वीकेंड के डबल-हेडर से पहले, उन्हें खिताब जीतने के लिए दोनों रेस जीतने की जरूरत थी और उन्होंने इसे शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों रेसों में जीत हासिल की। क्वालिफाइंग में दूसरे स्थान पर रहे जोहान ने दोनों रेस जीतीं, और 21 पॉइंट की बढ़त के साथ चैंपियनशिप जीतने के लिए भारी दबाव का सामना किया। उन्होंने 10 रेस में से छह जीत के साथ सीजन खत्म किया, जिसमें 200 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से क्रैश और मैकेनिकल दिक्कतों के कारण तीन रिटायरमेंट शामिल थे। रेस के बाद जोहान ने कहा: '600ष मशीन पर अपने डेब्यू सीज़न में अपना पहला इंटरनेशनल टाइटल जीतना एक ज़बरदस्त एहसास है। रेस के बाद मैं बहुत खुश था। हर छोटी-बड़ी मेहनत और त्याग काम आया। लेकिन यह तो बस शुरुआत है, और अभी बहुत लंबा रास्ता बाकी है।'

## मनिका, मानव करेंगे विश्व टीम टेबल टेनिस में भारतीय टीम की अगुवाई



**लंदन, 27 अप्रैल ओलंपियन मनिका बत्रा, साथियान ज्ञानशेखरन, मानव ठक्कर और हरमीत देसाई मंगलवार को यहां शुरु होने वाली आईटीटीएफ विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2026 में 10 सदस्यीय भारतीय टीम अगुवाई करेंगे.**

कल से 10 मई तक होने वाली इस विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप के मैच ओवीओ एरिना वेम्बली में खेले जाएंगे. टेबल टेनिस टूर्नामेंट में पुरुषों और महिलाओं के अलग-अलग प्रतियोगिताएं होगी - क्रमश: स्वेथलिंग कप और कॉर्बिलन कप. हर टाई में पाँच एकल मैच होते हैं, जिसमें तीन रबर जीतने वाली पहली टीम आगे बढ़ती है.1 टूर्नामेंट में महिला और पुरुष वर्ग की शामिल कुल 64 टीमो को चार-चार के 16 ग्रुप में बांटा गया है.

वर्ल्ड नंबर 38 ठक्कर की लीडरशिप में भारत की पुरुष टीम को स्टेज 1बी के ग्रुप 7 में स्लोवाकिया, ट्यूनीशिया और ग्वाटेमाला के साथ रखा गया है.

# भारतीय महिला कबड्डी टीम ने जीता स्वर्ण

## एशियन बीच गेम्स में पुरुष टीम को मिला रजत





**सान्या, 27 अप्रैल. भारतीय महिला कबड्डी टीम ने सोमवार को यहां चीन में हुए एशियन बीच गेम्स 2026 में अपना खिताब सफलतापूर्वक बचाव करते हुए स्वर्ण जीता, जबकि पुरुषों टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा.**

रितु की लीडरशिप में छह सदस्यों वाली भारतीय महिला बीच कबड्डी टीम ने हाफ-टाइम तक अपनी 20-18 की मामूली बढ़त को श्रीलंका को 47-31 से हराकर लगातार छठा खिताब जीता. सेमीफाइनल में, भारत ने बंगलादेश को 50-31 से हराया.

> कप्तान रितु के साथ, मनीषा कुमारी, सिमरन कंबोज, मनप्रीत कौर, निकिता और निकिता चौहान भी भारतीय कबड्डी टीम का हिस्सा थीं. 2016 में पिछले एडिशन में, भारत ने फाइनल में थाईलैंड को हराया था. इस बीच भारतीय पुरुष कबड्डी टीम इस साल ईरान से 44-31 से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा. सेमीफाइनल में पाकिस्तान को 50-27 से हराने वाली छह सदस्यों वाली टीम को बृजेंद्र सिंह चौधरी ने लीड किया. जितेंद्र यादव, यथार्थ देशवाल, नीरज, जय भगवान और भानु प्रताप तोमर भी टीम का हिस्सा थे.

# बीमारी से जूझते हुए गॉफ ने दर्ज की जीत

**सिनर ने भी जीत का सिलसिला रखा जारी**



**मैड्रिड, 27 अप्रैल अमेरिका की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने बीमारी से जूझते हुए एक सेट और एक ब्रेकडाउन से वापसी करते हुए सोराना क्रिस्टिया को हराते हुए मैड्रिड ओपन के अंतिम 16 में जगह बना ली है. वहीं पुरुष वर्ग में जैनिक सिनर ने एल्मर मोलर पर जीत दर्ज करते हुए टूर्नामेंट के अगले दौर में पहुंच गये है.**

मुकाबले के दौरान अमेरिका की तीसरी सीड गॉफ पेट के संक्रमण से जूझती रही और उन्हें दूसरे सेट के बीच में कूड़ेदान में उल्टी करनी पड़ी. उन्होंने ने वापसी करते हुए रोमानिया की सोराना क्रिस्टिया पर 4-6, 7-5, 6-1 से जीत हासिल की. गॉफ ने रोमानिया की 25वीं सीड वाली क्रिस्टिया के खिलाफ दूसरे सेट में मेडिकल टाइमआउट मांगा और जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने मैच कैसे खेला, तो उन्होंने जवाब दिया: 'सच कहूं तो मुझे नहीं पता.'

उन्होंने कहा: 'मुझे लगता है कि बदकिस्मती से मुझे भी वही मिला जो मैड्रिड में बाकी सबको हो रहा है. इसलिए, मैं बस कल के लिए कोशिश करूंगी. मुझे बेहतर महसूस होने लगा था, ऐसा नहीं लग रहा था कि मुझे उल्टी करनी है. उन्होंने मुझे कुछ गोलियां दीं, तो उससे निश्चित रूप से मदद मिली. लेकिन मैं सच में बहुत थक गई थी... पहला हिस्सा सचमुच बस जो कुछ भी मैंने खाया था उसे निगलने की कोशिश करना था.

> पुरुषों के टूर्नामेंट में, जैनिक सिनर डेनमार्क के एल्मर मोलर पर 6-2, 6-3 से तीसरे राउंड की जीत के बाद लगातार पांचवें मास्टर्स 1000 टाइटल की दौड़ में बने हुए हैं. सिनर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए लगातार 24वां मास्टर्स 1000 मैच जीता, जो अगले महीने होने वाले फ्रेंच ओपन में ग्रैंड स्लैम का अपना कलेक्शन पूरा करने की उनकी कोशिश के लिए अच्छा संकेत है.




# भारत ने क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की की

**हॉर्सेंस ( डेनमार्क ), 27 अप्रैल पूर्व चैंपियन भारत ने सोमवार को डेनमार्क के हॉर्सेंस में थॉमस और उबर कप 2026 के पुरुषों के ग्रुप ए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली.**

भारत ने अपने शुरुआती ग्रुप मुकाबले में कनाडा को 4-1 से हराया था और अब ग्रुप विजेता का फैसला करने के लिए उसका मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन से होगा. चीन ने ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से हराया था और सोमवार को कनाडा को 4-1 से मात दी थी. यह जानते हुए कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत उन्हें अंतिम आठ में जगह की गारंटी देगी, भारत ने उस टीम में सिर्फ एक बदलाव किया जिसने कनाडा को हराया था; इसमें किदांबी श्रीकांत की जगह एच.एस. प्रणय को मैच खेलने का मौका मिला.

**आईपीएल** | पंजाब की शानदार फॉर्म बरकरार, राजस्थान की लय पर सवाल

# पंजाब-राजस्थान भिड़ंत, किसकी जीतेगी बाजी




**चंडीगढ़, 27 अप्रैल इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 40वें मुकाबले में मंगलवार को पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच रोमांचक भिड़ंत होने जा रही है. चंडीगढ़ के महाराजा यादविन्द्र सिंह पीसीए स्टेडियम में खेले जाने वाले इस मुकाबले में सबकी नजरें इस बात पर टिकी होंगी कि क्या शानदार फॉर्म में चल रही पंजाब किंग्स की विजयरथ को राजस्थान रॉयल्स रोक पाएगी या नहीं.**

एक तरफ पंजाब की टीम लगातार जीत के आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरेगी, तो दूसरी ओर राजस्थान अपनी खोई लय को वापस पाने के इरादे से खेलेगी. पंजाब किंग्स इस सीजन में जबरदस्त प्रदर्शन कर रही है. टीम ने अब तक खेले सात मैचों में छह जीत दर्ज की हैं, जबकि एक मुकाबला बारिश के कारण रद्द रहा. कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई में टीम ने हर विभाग में संतुलित खेल दिखाया है. अय्यर ने दबाव भरे मौकों पर शानदार बल्लेबाजी करते हुए खुद को एक भरोसेमंद फिनिशर के रूप में स्थापित किया है. उनकी कप्तानी में टीम का आत्मविश्वास भी साफ नजर आता है.

सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने टीम को मजबूत शुरुआत देने में अहम भूमिका निभाई है. दोनों की विस्फोटक बल्लेबाजी ने कई मुकाबलों में पंजाब को बढ़त दिलाई है. हाल ही में दिल्ली के खिलाफ खेले गए मैच में दोनों ने पावरप्ले में 100 से अधिक रन जोड़कर टीम को बड़े लक्ष्य का पीछा करने में आसान स्थिति में पहुंचा दिया था. पंजाब की बल्लेबाजी लाइनअप गहराई से भरी हुई है, जिसमें मध्यक्रम और फिनिशर भी लगातार योगदान दे रहे हैं. दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स की स्थिति थोड़ी चिंताजनक है. टीम ने टूर्नामेंट की शुरुआत तो शानदार की थी, लेकिन पिछले कुछ मैचों में वह निरंतरता बनाए रखने में असफल रही है.

> यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए बेहद अहम है. पंजाब जहां अपनी जीत की लय को बरकरार रखते हुए प्लेऑफ की ओर मजबूत कदम बढ़ाना चाहेगी, वहीं राजस्थान के लिए यह मैच वापसी का मौका है. अगर राजस्थान को जीत दर्ज करनी है, तो उसे हर विभाग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा. मैच से पहले कप्तान रियान पराग ने भी माना कि हर मैच और हर पिच अलग होती है, और टीम को परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालना होगा. ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या राजस्थान नई रणनीति के साथ पंजाब को चुनौती दे पाती है या पंजाब की विजयरथ एक और जीत के साथ आगे बढ़ती है.

> राजस्थान के लिए युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने जरूर प्रभावित किया है, लेकिन टीम को सामूहिक प्रदर्शन की जरूरत है. पिछले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 239 रन का बड़ा स्कोर बनाने के बावजूद टीम उसे बचा नहीं सकी, जिससे उसकी गेंदबाजी और फील्डिंग पर सवाल उठे हैं. गेंदबाजी में पंजाब के पास अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल और मार्को यानसन जैसे अनुभवी गेंदबाज हैं, जो किसी भी बल्लेबाजी क्रम को दबाव में ला सकते हैं.